महत्वपूर्ण सूचना

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार, पटना ।

विज्ञापन संख्या–02/2015

केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा बिहार पुलिस बल के नवसृजित बिहार स्वाभिमान पुलिस बटालियन में महिला सिपाही के पद की रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति हेतु दिनांक 25.07.2015 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या 02/2015 के क्रम में दिनांक 17.12.2017 (रविवार) को अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा 10.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्याह्न तक पटना नगर के 4 (चार) परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी ।

लिखित परीक्षा, बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 के अंतर्गत आती है । लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम पर्षद के बेवसाइट www.csbc.bih.nic.in पर उपलब्ध है ।

रिपोर्ट करने का समय – दिनांक 17.12.2017 को आयोजित महिला सिपाही की लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र पर पूर्वाह्न 09.00 बजे पहुँचे । परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार, पूर्वाह्न 09:45 बजे तक बंद कर दिया जाएगा । उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अपनी सुविधा के लिए वे परीक्षा से एक दिन पहले अपना परीक्षा केन्द्र/स्थल देख लें और उसके मार्ग आदि से परिचित हो जाएँ ।

ई–प्रवेश–पत्र – उपर्युक्त लिखित परीक्षा हेतु उम्मीदवारों के ई–प्रवेश–पत्र पर्षद की वेबसाइट www.csbc.bih.nic.in पर दिनांक–01.12.2017 से उपलब्ध रहेंगे । उम्मीदवार अपना ई–प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर लें और उसका प्रिंट–आउट निकाल लें । यद्यपि साधारण डाक द्वारा भी प्रवेश–पत्र भेजा जाएगा । आवंटित परीक्षा केन्द्र/स्थल पर परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए ई–प्रवेश–पत्र के साथ अपना एक वैध फोटो पहचान–पत्र जैसे मतदाता पहचान–पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि भी प्रस्तुत करना होगा । यदि ई–प्रवेश–पत्र पर फोटो स्पष्ट नहीं है या उपलब्ध नहीं है तो ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी परीक्षा–स्थल पर अपने साथ आवेदन–पत्र के समरूप 2 (दो) फोटोग्राफ भी लायेंगीं ।

विशेष परिस्थिति में, जो अभ्यर्थी किसी कारणवश वेबसाइट से ई–प्रवेश–पत्र download नहीं कर सकें, उनकी सुविधा के लिए दिनांक–13.12.2017 से 14.12.2017 तक प्रतिदिन 10.00 बजे पूर्वा0 से 17.00 बजे संध्या तक केन्द्रीय चयन पर्षद के बैक हार्डिग रोड (सचिवालय हॉल्ट के निकट), पटना–800001 स्थित कार्यालय से डुप्लिकेट ई–प्रवेश–पत्र निर्गत करने की व्यवस्था की गयी है । **ऐसे अभ्यर्थी अपने आवेदन–पत्र की छाया प्रति एवं एक वैध फोटोयुक्त पहचान–पत्र के साथ उक्त अवधि में चयन पर्षद के उपरोक्त कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपने खर्च पर डुप्लीकेट ई–प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते हैं ।**

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अपने प्रवेश–पत्र को वे परीक्षा के बाद भी सुरक्षित रखें, क्योंकि बाद के चरणों में चयन पर्षद द्वारा इसकी मांग की जायेगी ।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अंतिम समय की हड़बड़ी से बचने के लिए वे अपने ई–प्रवेश–पत्र का प्रिंट–आउट समय रहते ही निकाल लें ।

अभ्यर्थियों के परीक्षा केन्द्र की विवरणी अनुक्रमांकवार पर्षद की वेबसाइट पर उपलब्ध है ।

ई–प्रवेश–पत्र में किसी प्रकार की विसंगति होने पर दूरभाष संख्या 06115–234996, 0612–2233711 पर पर्षद को तत्काल सूचित करें ताकि पर्षद संबंधित मामले में निर्णय ले सके ।

6/11/17

अध्यक्ष,
केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),
बिहार, पटना ।

ज्ञापांक–1030/के0च0प0

अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,
बैक हार्डिंग रोड (सचिवालय हॉल्ट के निकट),
पटना–800001

दिनांक– 06/11/2017